मनोरंजन प्रधान, आई आर एस एस
मंडल रेल प्रबंधक
Manoranjan Pradhan, I. R. S. S.
Divisional Railway Manager

सत्यमेव जयते

खड़गपुर मंडल
KHARAGPUR DIVISION
दक्षिण पूर्व रेलवे
SOUTH EASTERN RAILWAY
Rly : 62200 (O)
BSNL : [03222] 255308
Fax : [03222] 258811
Fax : 62200(Rly)
drm@kgp.railnet.gov.in

हिन्दी दिवस संदेश

प्रिय रेल परिवार के सदस्य बंधुओं,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा बनाया। तब से हर साल हमलोग इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।

भारतीय रेल हमारे देश की जीवन रेखा है। इसने हिंदी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस कार्य में आप सभी भागीदार भी रहे हैं और साक्षी भी रहे हैं। भारत विश्व में एक शक्तिशाली आर्थिक ताकत के रूप में उभरा है। इसके साथ ही हिंदी भाषा भी विश्व स्तर पर काफी मजबूत हुई है। हिंदी जन-गण की भाषा है। हमारा दायित्व है कि हम अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें, ताकि इसका लाभ जन-जन तक पहुंचे।

बहुत ही प्रसन्नता की बात है कि कोविड 19 संकट के बावजूद भी इस अवसर पर राजभाषा विभाग, खड़गपुर की ओर से हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन गृह मंत्रालय के निदेशानुसार सामाजिक दूरी बनाते हुए किया जा रहा है। मैं आप सभी का आह्वान करता हूं कि आप इसमें भाग लें।

हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर मैं आप सभी को पुन: शुभकामनाएं देता हूं।

जय हिंद।

दिनांक : 14-09-2020

म.प्रधान

(मनोरंजन प्रधान)
मंडल रेल प्रबंधक, खड़गपुर।